## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार एक देश एक शिक्षा पर भी विचार करेः सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि एक देश एक चुनाव अच्छी बात है वहीं यदि इसी तर्ज पर एक देश एक शिक्षा यानी समान शिक्षा नीति पर एनडीए की मोदी सरकार विचार करे तो और अच्छी बात हो। समाजवादी चिंतक डा राममनोहर लोहिया ने वर्षों पहले समान शिक्षा नीति की बात कही थी जिससे यक़ीनन पूरे देश के छात्रों को इसका गुणात्मक लाभ मिल सकता है और देश के विद्यालयों की स्थिति उनके स्तर साधन सुविधाओं से सुसज्जित हो सकतें हैं और अभी अमीरी और गरीबी के बीच शैक्षणिक कार्यों में भी बाधा बनी गैरबराबरी खत्म हो सकती है यदि यह काम हो जाय तो मंत्री,अधिकारी का बेटा और सबसे नीचे पायदान में पले बढ़े आम आदमी का बेटा एक साथ शैक्षणिक सुविधा लेगा तो स्वाभाविक है देश का शिक्षा का स्तर अपने आप ठीक हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि वन नेशन वन एजुकेशन यानी (समान शिक्षा नीति) के विषय पर केंद्र सरकार विचार करे तो अच्छा होता।

### किराना दुकान में बिक रही थी शराब पुलिस ने पकड़ा

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गौशाला चौक के निकट पटनहा मार्केट में पुरानी लाइसेंसी शराब दुकान के बगल से संचालित गुटखा,गोली-बिस्कुट की दुकान में दबिश दी। थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने दुकान से अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है। हासिल जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली पुलिस ने शनि जायसवाल नामक दुकानदार के कब्जे से 5 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। बताया गया है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त किराना दुकान से सरेआम अवैध शराब की बिक्री बेरोकटोक की जा रही है। जिस पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुये अवैध शराब जब्त कर ली। पुलिस द्वारा आरोपी दुकानदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

### तुअर दाल के लिए 20 तक कराएं पंजीयन

**कटनी।** उप संचालक कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने जिले के समस्त किसानों से अपील है कि वे अपने तुअर फसल की उत्पाद को बेचने के लिए नजदीकी पंजीयन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ में तुअर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये. पर विक्रय हेतु 20 अप्रैल तक पंजीयन कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि पंजीयन हेतु किसान तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन केंद्रों गिरदावरी किसान एप कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र पर किसान गिरदावरी एप से पंजीयन करा सकते हैं।

### जनपद पंचायत की महिला अध्यक्ष को फोन पर धमकी देने का आरोप

# पन्ना में पकड़े गए सीईओ अस्थाना, पुलिस ने नोटिस देकर छोड़ा........!

**सतना।** मैहर जिले की अमरपाटन जनपद पंचायत की महिला अध्यक्ष को फोन पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने सीईओ ओपी अस्थाना को हिरासत में लेकर पूछताछ की और नोटिस देकर उन्हें छोड़ दिया। आपको बता दें कि धमकी देने का ऑडियो सामने आया है। गुरुवार देर रात जनपद अध्यक्ष माया पांडे ने सीईओ ओपी अस्थाना के खिलाफ के दर्ज कराया था।पुलिस ने जनपद सीईओ के खिलाफ बीएनएस की धारा 79,224,351 (3) और 352 के तहत केस दर्ज किया है। केस दर्ज होने के बाद सीईओ ओपी अस्थाना को अमरपाटन से हटा कर जिला पंचायत सतना अटैच कर दिया गया है।

इसके साथ ही मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ ने 3 सदस्यीय जांच टीम गठित की है।शुक्रवार दोपहर को अमरपाटन थाना पुलिस ने जनपद सीईओ अस्थाना को पन्ना जिले के देवराज नगर के पास से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इससे पहले पुलिस सीईओ के सतना में विराट नगर स्थित घर भी गई थी। उनके वहां नहीं मिलने के बाद पुलिस को मुखबिर से खबर मिली थी कि अस्थाना को काली गाड़ी में देवराज नगर की तरफ जाते देखा गया है। इस पर पुलिस ने उनको ट्रेस करते हुए हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक 16 अप्रैल की रात करीब 10 बजे सीईओ अस्थाना ने अध्यक्ष माया पांडे को फोन किया। उन्होंने किसी शिकायत का जिक्र करते हुए अध्यक्ष से अपने पति को समझाने को कहा। धमकाते हुए वे कह रहे हैं...गोली कहीं भी चल सकती है। टिकुरिया टोला में भी और जनपद में भी। कौन चलाएगा यह नहीं जानता,लेकिन गोली चल सकती है। इस पर अध्यक्ष माया पांडे ने कहा कि आप मुझे धमकी दे रहे हैं,तो सीईओ ने कहा कि मैं अगर अपने रास्ते पर लौट आया तो कुछ भी हो सकता है। फोन पर धमकी मिलने के बाद गुरुवार सुबह जनपद अध्यक्ष ने अपने और परिवार की सुरक्षा की मांग की।





# रामपुर बघेलान और रैगांव क्षेत्र में बिजली का तार टूट कर खेत में गिरा, फसल तबाह

### गेहूं की फसल और खलिहान जलकर राख,तीन गांवों में भारी नुकसान



**सतना।** शुक्रवार को बिजली के तार टूटने से कई क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं हुईं। इस हादसे में किसानों की गेहूं की फसल और खलियान जलकर राख हो गए। रामपुर बघेलान क्षेत्र के बिहरा खाम्हा गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे बिजली का हाईटेंशन तार टूटकर सीधे एक गेहूं के खेत में गिर गया। तार गिरते ही आग ने तेजी से फैलते हुए खेतों और खलिहानों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने की हर संभव कोशिश की,लेकिन तेज हवा और सूखे खेतों के कारण आग तेजी से फैलती गई। खलिहानों में रखी गेहूं और राई की फसल पूरी तरह जल गई,जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

#### समय पर बिजली आपूर्ति बंद नहीं की गई

ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार,कोटर बिजली वितरण केंद्र से दोपहर 2:30 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई,जिसके तुरंत बाद तार टूटकर खेत में गिरा।आम तौर पर विभाग दोपहर के समय बिजली सप्लाई रोक देता है,ताकि ऐसे हादसे न हों। लेकिन इस बार समय पर बिजली कटौती नहीं की गई,जिससे यह आगजनी की घटना हुई।



#### रैगांव थाना क्षेत्र के दो गांवों में लगी आग

रैगांव थाना क्षेत्र के निपनिया और नारायणपुर गांव भी इस हादसे से अछूते नहीं रहे। यहां एक छोर से लगी आग ने तेजी से फैलते हुए खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों गांवों में तैयार फसलें जल गईं, और नारायणपुर गांव में एक कच्चा मकान भी आग की चपेट में आ गया। स्थिति को काबू में करने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान गांव के लोग भय और दहशत के माहौल में काफी देर तक सहमे रहे।

# नशेड़ियों का अड्डा बन गया वेंकटेश लोक परिसर, युवती का सिगरेट पीते वीडियो वायरल

### *इसके पहले अश्लील फिल्म के गाने पर रील आई थी सोशल मीडिया में*



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मुख्तियार गंज इलाके में स्थित वेंकटेश लोक परिसर धीरे-धीरे नशेड़ियों का ठिकाना बनता जा रहा है। यहां पर फिल्मी गानों की तर्ज पर सोशल मीडिया में रील बनाने बनाकर वायरल करने का वीडियो तो पहले ही सामने आ चुका था लेकिन इस बार एक लड़की का सिगरेट पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। काले रंग का कपड़ा पहने लड़की कौन है इसकी पहचान तो नहीं हो सकी लेकिन सोशल मीडिया में उसका वीडियो चेहरे पर धुंधला करके वायरल होता नजर आ रहा है। इसके अलावा एक और भी वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है जिसमें युवती के साथी कुछ युवक भी मंदिर परिसर में नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले युवतियों ने यहां पर फिल्मी गानों पर डांस किया था और रील बनाकर फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में वायरल किया था। उस वक्त जब ऑडियो और वीडियो सामने आया तो नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ाई थी,लेकिन सक्रियता धीरे-धीरे निष्क्रियता में बदल गई। जिसकी वजह से असामाजिक लोगों की गतिविधियां यहां पर बढ़ गई हैं। और अनैतिक लोग परिसर में सक्रिय हो गए हैं। आसपास के इलाके के लोग बताते हैं कि ज्यादातर लड़की और लड़कियां स्कूल कॉलेज के रहते हैं।सूत्र भी बताते हैं कि अधिकांश बच्चे अपने पिट्ठू बैग में कपड़े रखकर लाते हैं। उनके द्वारा स्कूल और कॉलेज के यूनिफॉर्म स्कूल बैग में रख दिए जाते हैं और इस बैग से सिविल कपड़े निकाल कर पहन लिए जाते हैं। उसके बाद यह लोग मंदिर में प्रवेश करते हैं और परिसर में घंटो बिताते हैं।सूत्र बताते हैं कि अधिकांश युवक और युवतियां रेलवे लाइन के उसे पर यानी मास्टर प्लान की ओर से वेंकटेश लोक परिसर में प्रवेश कर जाते हैं और जहां-तहां बैठकर अनैतिक गतिविधियों को जन्म देते हैं। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने वेंकटेश लोक परिसर को ठेके पर दे दिया है यहां पर गार्ड भी तैनात किए गए हैं उसके बाद भी अनैतिक गतिविधियों बंद होने का नाम नहीं ले रही हैं। सूत्रों का दावा यह भी है कि वेंकटेश लोक परिसर बनने से पहले भी यहां पर शराब पीने वाले गांजा पीने वाले और सिगरेट पीने वालों का आना-जाना लगा रहता था।

# बढ़ने लगे गर्मी के तेवर, पारा 43 डिग्री पहुंचा

**सतना।** भीषण गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को दिन में जबरदस्त गर्मी का एहसास हुआ। इस बीच जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43.01 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि गुरुवार को 39.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। अधिकतम तापमान ने एकदम से छलांग लगा दी है।



#### धूप से बचाव

घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर को ढककर चल रहे हैं। जिससे धूप से शरीर की सुरक्षा होती रहे। तेज धूप व गर्मी बढ़ गई है। लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। लेकिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। गर्मी से लोगों की हालत खराब हो रही है। तपिश के कारण लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है दिन भर गर्म हवा से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर में गर्मी अधिक होने से लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। लोग ठंड पेय पदार्थ गटक रहे हैं। इन दिनों भीषण गर्मी को लेकर कोल्ड ड्रिंक आइसक्रीम की दुकानों से नजदीकियां बढ़ गई है। वहीं दुकानों पर गमछा टोपी बस चश्मे की बिक्री तेज हो गई है। बिजली बन्द हो जाने के बाद गर्मी के मारे लोग घरों में भी तिलमिला रहे हैं देर शाम मौसम के ठंडा होने पर लोगों की राहत होती है।

# महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर डॉ.आनन्द ने सांची से शुरू की पदयात्रा

### पदयात्रा 20 अप्रैल को पहुंचेगी सतना, होगा स्वागत



**सतना।** महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर भिक्खु डॉक्टर आनंद रक्खित 1 अप्रैल 2025 से सांची से पदयात्रा शुरू की है। यह पदयात्रा बोध गया में समाप्त होगी। भन्ते रक्खित जी पदयात्रा कर 20 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे सतना पहुंचेगे जहां सिविल लाइन स्थित अजाक्स कार्यालय में स्वागत किया जाएगा एवं इसी दिन अजाक्स कार्यालय में सुबह 10:00 बजे एक धम्मसभा भी आयोजित की गई है। यह जानकारी द बुद्धाज भूमि एवं भरहुत फैन्स क्लब के मित्र एड.के.पी.पाल एवं पूर्व पार्षद महिंद वर्धन सिद्धार्थ पप्पू ने दी। कार्यक्रम में आप सभी मित्रगण एवं बौद्ध धम्मावलंबी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाने का कष्ट करें।

# अग्रवाल समाज ने ब्रह्मण कन्या को सौंपा गृहस्थी का सामान



**सतना।** अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं महामंत्री राम अग्रवाल के नेतृत्व में ब्राह्मण कन्या को विवाह हेतु एक कूलर एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा शशि अग्रवाल सचिव सीमा अग्रवाल द्वारा अग्रवाल महिला मंडल की बहनों की तरफ से उपयोग हेतु साड़ी चादर पैंट शर्ट ज्वेलरी पेटी बर्तन इसके अलावा नगद राशि प्रदान की गई। इस नेक कार्य में मंडल के कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल,मंत्री राजेश अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल (बल्लू भैया) सहित महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षा शिल्पी अग्रवाल,पूजा अग्रवाल मीना अग्रवाल,प्रीति अग्रवाल,ज्योत्स्ना अग्रवाल,विनीता अग्रवाल,मंजूषा अग्रवाल,अर्चना अग्रवाल, सविता अग्रवाल,रूपा अग्रवाल,मणिका अग्रवाल,माया अग्रवाल,ममता अग्रवाल,संगीता अग्रवाल,अंजना अग्रवाल,नेहा अग्रवाल,सीमा अग्रवाल,मेघा अग्रवाल,उमा अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल व भारी संख्या में अगर बंधु उपस्थित रहे।

### नेशनल वीमेन स्टूडेंट पार्लियामेंट 2024-25 का आयोजन



**सतना।** तृतीय एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी द्वारा नेशनल वीमेन स्टूडेंट पार्लियामेंट 2024-25 का आयोजन 2 से 4 अप्रैल के बीच किया गया। आयोजित महिला छात्र संसद के ऐतिहासिक छात्र सम्मेलन में एकेएस विश्वविद्यालय सतना से अनुपमा पटनहा,सुधीक्षा सिंह बघेल एवं अनु कुमारी ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे देश के सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं में स्थान प्राप्त कर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने एंपावरिंग वॉयस शेपिंग फ्यूचर्स विकसित भारत विषय पर व्याख्यान देकर सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। यह उपलब्धि एसएसडी विभाग में पदस्थ असि.प्रो.प्रतीक निगम के मार्गदर्शन में अर्जित की है। एसएसडी फैकल्टी निगम ने यह भी बताया कि इसका उद्देश्य भविष्य में भारत के आगामी महिला छात्र नेताओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार करना है। आयोजन सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट,उड़ीसा में आयोजित हुआ। स्टूडेंट्स की सह भागिता एवं उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रति कुलपति डॉ.हर्षवर्धन , प्रो.आर.एस.त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए अनुपमा पटनहा,सुधीक्षा सिंह बघेल एवं अनु कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



**खबर संक्षेप**

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण




**पन्ना।** जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान केन्द्र के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशासक कविता पाण्डेय द्वारा केन्द्र के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को प्राप्त होने वाली सुविधाओं और इसके लिए वांछित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही अब तक विपत्तिग्रस्त महिलाओं को प्रदत्त सुविधाओं तथा महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 एवं आपातकालीन, पुलिस व कानूनी सहायता इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गई। जिपं अध्यक्ष ने कार्यालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा कर परिसर का अवलोकन भी किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में निर्धारित समय पर जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## पवई मुख्य मार्ग खोद कर छोड दिए जाते है गढ्ढे, हो सकती है दुर्घटना



**पवई।** करही तिराहा से लेकर मिलोनीगंज तक जब चाहे पाइप लाइन मे सुधार के लिए खोदे गये गढ्ढे 4-4 दिनों तक खुदे पडे रहते है जिसकी वहज से मार्ग मे आवागमन अवरुद्ध होता है संबंधित विभाग तनिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन ठीक से नही करता उसे मुख्य मार्ग पर यातायात को ध्यान मे रखते सुधार कार्य समय से पर्ण करना चाहिए लेकिन लापरवाही के चलते 4-5 दिनों तक ऐसी हालत मे छोड दिया जाता है। मुख्य मार्ग पर खुदे पडे गढ्ढे मे वाहन कभी भी दुर्घटना का शिकार बन सकते है।

## मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान

पटेरा। हटा रोड पर स्थित मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। कटीली झाड़ियां को काटना, जरिया आदि को ट्रैक्टर ब्लड , विकेट से साफ किया गया। दोनों ट्रैक्टरों का सहयोग नगर परिषद द्वारा किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में तहसीलदार महोदय राजेश सोनी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष मुन्नालाल अवधिया,पार्षद पुष्पेंद्र सोनी ने मुक्ति धाम को स्वच्छ किया।

# गुनौर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर मिड़ासन नदी के पुनरूद्धार की मांग की



**पन्ना।** गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉ राजेश वर्मा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं और क्षेत्र में जा जाकर भ्रमण करके लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनका निराकरण कर रहे हैं चाहे वह बिजली की समस्या हो या रोड को लेकर या फिर प्रधानमंत्री आवास या फिर शिक्षा को लेकर भवन निर्माण का मुद्दा हो प्रदेश स्तर पर गंभीरता से मुद्दों को प्रदेश स्तर तक पहुंचाते हैं और उनका निराकरण करवाते हैं वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या पानी की है क्योंकि इस समय जमीन से जलस्तर घटता जा रहा है और लोगों को पानी की समस्याओं को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र में किसानों को पानी की समस्या ना और अच्छी खेती कर सके वर्तमान में पानी की समस्या से लोग परेशान है इसको लेकर प्रदेश स्तर पर आज भोपाल मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निवास पर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने उनसे भेंट की और गुनौर विधानसभा क्षेत्र की जीवनदायिनी मिढ़ासन नदी के संरक्षण सर्वेक्षण और पुनरुद्धार थी को लेकर उनसे चर्चा की मिढ़ासन नदी गुनौर विधानसभा से एकमात्र प्रमुख जलधारा है जिसका उद्गम मरहा बड़ागांव तहसील देवेंद्रनगर से होता है यह नदी कि सा नो की आजीविका का आधार है वर्तमान में नदी पर गड़ी पड़रिया ग्राम के पास बने डैम की जल संग्रहण क्षमता कम होने से अधिकांश वर्षा जल व्यर्थ बह जाता है और नदी का जलस्तर गिरता जा रहा है इस कारण से नदी धीरे-धीरे सूखने की स्थिति में पहुंच रही है माननीय मुख्यमंत्री जी से मढ़ासन नदी के संरक्षण और पुनरुद्धार को लेकर उनसे अनुरोध किया है।



## जिला पंचायत परिसर में पक्षियों के लिए रखवाए सकोरे

**पन्ना।** आनंद विभाग पन्ना के तत्वाधान में इस वर्ष भी पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला पंचायत परिसर में पक्षियों के लिए पेड़ पर सकोरे बांधे गए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने कहा कि गर्मी के मौसम और तापमान में बढ़ोत्तरी से पक्षियों के लिए यह सकोरे लाभदायक होंगे। तेज धूप और जल स्त्रोतों के सूखने से पक्षियों को आसानी से दाना-पानी मिल सकेगा। आम नागरिकों से भी इस तरह के प्रयास की अपील की गई। आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक ने कहा कि आमजन भी अपने घर की छत, बालकनी या बगीचे में मिट्टी के बर्तन में पानी रखें और कुछ अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, गेहूं या चावल डालें। इससे न केवल पक्षियों को राहत मिलेगी, बल्कि प्रकृति का संतुलन भी बना रहेगा। इन छोटे प्रयासों से न केवल परिंदों की जिंदगी बचेगी, बल्कि मानसिक संतुष्टि और हमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस दौरान शिक्षा विभाग के सहायक संचालक अमित जैन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा सहित प्रमोद अवस्थी, सीता चतुर्वेदी, निर्मल कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार त्रिपाठी, राम किशोर गर्ग एवं आनंद ग्राम जमुनहाई के सरपंच द्वारा भी ग्रीष्मकाल में पक्षियों का सहारा बनकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया गया।

# रैपुरा क्षेत्र में चोरी करने वाले 2 अज्ञात आरोपियों को घटना के 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार




### आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये 17 नग मवेशी कीमती करीब 5 लाख रूपये के बरामद

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई श्री राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई उनि संतोष सिंह यादव के नेतृत्व में रैपुरा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा 17 नग मवेशी कीमती करीब 5 लाख रूपये के चोरी करने वाले 02 आरोपियों को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। दिनांक 16/04/2025 को फरियादी वीरचन्द यादव उर्फ कल्लू यादव निवासी डोहली ने थाना रैपुरा में रिपोर्ट किया कि उसकी व उसके परिवार की कुल 17 नग भैस एवं पड़ा कीमती करीब 05 लाख रुपये को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध अप. क्र 77/25 धारा 303(2) बीएनएस कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। मामले की जानकारी थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। उक्त सूचना को पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा गंभीरता से लिया गया। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये घटना कारित करने वाले आरोपियों के संबंध में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा थाना में सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अन्दर मामले में शामिल 02 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। उक्त व्यक्तियों द्वारा पूँछताछ पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में चोरी किये गये 17 नग मवेशी कीमती करीव 05 लाख रुपये के बरामद किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उ.नि. सतोष सिंह ,सउनि यशवंत सिह, प्र आर नीरज वागरी,आर राजेश पटेल, राहुल सिह एवं आलोक सिह का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को कार्य की सराहना करते हुये पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# टूटी सड़कों पर वसूली का तमाशा कब तक झेलेगी जनता?



### देवेंद्रनगर-सतना मार्ग पर गड्ढों की सड़क, फिर भी अनवरत टोल टैक्स नियम, अधिकार और संवेदना सब कुछ ताक पर

**देवेंद्रनगर।** नागरिकों से सुविधाओं के नाम पर जबरन वसूली जायज़ है? देवेंद्रनगर से सतना के बीच का राष्ट्रीय राजमार्ग (छभ्-39) इस समय इस प्रश्न का जीवंत उदाहरण बन चुका है। सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि वाहन चालकों को यात्रा नहीं, संघर्ष करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, टोल नाके पर टोल टैक्स वसूला जाना न केवल अनुचित है, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (छभ्।प्) के दिशा-निर्देशों का भी स्पष्ट उल्लंघन है।

### कानूनी दृष्टिकोण-


भारतीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, टोल टैक्स उन्हीं सड़कों पर लिया जा सकता है जो मानक अनुरूप स्थिति में हों और नियमित रख-रखाव की जाए। छभ्।प् की ब्वदबमेपवद ।हतममउमदज की धारा 2.1 और 6.1 में यह स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यदि सड़क की हालत गंभीर रूप से खराब हो, तो टोल वसूली स्थगित की जा सकती है।

### तथ्यात्मक आधार-

प्रयागराज महाकुंभ 2019 के दौरान, इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों से केवल दो महीनों में ही लगभग पाँच वर्षों का अनुमानित राजस्व वसूल किया जा चुका था। वर्तमान में सड़क पर 75ः से अधिक हिस्से पर मरम्मत की आवश्यकता है। कई स्थानों पर गड्ढों की गहराई 6 से 10 इंच तक मापी गई है, जो दुर्घटनाओं के लिए घातक हैं।

### जनहित में गंभीर प्रश्न-

1. जब टोल सुविधा के बदले में दी जाती है, तो ऐसी स्थिति में यह श्सर्विस के बदले शुल्कश नहीं, बल्की श्शोषण के बदले करश बन जाती है।
2. वाहन चालकों द्वारा बार-बार यह शिकायत की



गई है कि अनौपचारिक शुल्क, निर्धारित दरों से अधिक वसूली, और बिना रसीद वसूली आम बात हो गई है कृ यह भारतीय दंड संहिता की धारा 384 (जबरन वसूली) के अंतर्गत अपराध है।

### जन अधिकारों का उल्लंघन-

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 "जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार" कृ नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और गरिमामयी यात्रा का अधिकार देता है। जब सरकार एक ओर नागरिकों से कर लेती है, और दूसरी ओर मूलभूत सुविधाएं भी नहीं देती, तो यह लोकतंत्र की आत्मा पर कुठाराघात है। 'देवेंद्रनगर-सतना मार्ग पर जब तक सड़कें दुरुस्त नहीं होतीं, टोल वसूली पर अविलंब रोक लगे। दोषियों पर जांच के बाद कड़ी कार्रवाई हो और नागरिकों के अधिकारों को प्राथमिकता दी जाए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में जन भागीदारी को लेकर अभी भी जरूरत





### जल ही जीवन है आखिर गांव से लेकर नगर तक शासन-प्रशासन पर कब तक रहेंगे निर्भर

**पन्ना।** जल जीवन के लिए जरूरी है। जल ही जीवन है ये नारे आखिर कार जनभागीदारी को लेकर जहां जागरूकता लाने का प्रयास माना जाता है आखिर वर्तमान समय में जल की सबसे बड़ी जरूरत बनती जा रही है। कब तक शासन प्रशासन व सरकार तक निर्भर रहेगें। जब तक स्वयं के प्रयास जल के लिए जरूरत मानकर आगे नहीं आया जायेगा तब तक जल की जरूरत ही बनी रहेगी। हम आप सब मिलकर जल की जरूरत को समझे। स्वयं आगे आये तभी जल गंगा संवर्धन की दिशा कामयाब होगी। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा जहां जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल के महत्व व जरूरत को ध्यान में रखकर कार्य करने की दिशा तो तय की गई पर आज भी आम आदमी की जनभागीदारी जल की जरूरत को समझ कर कहीं न कहीं अधूरी मानी जा रही है। जब तक जल के लिए जनआंदोलन का रूप लेते हुए स्वयं जल की व्यवस्था बनाने को लेकर जनभागीदारी का दायित्व नहीं निभाया जायेगा तब तक सायद जल की आपूर्ति कहीं न कहीं आधी ही मानी जायेगी। क्योंकि शासन-प्रशासन के द्वारा हम आपको जल की व्यवस्था के प्रयास तो किये जाते है पर इसमें नैतिक जिम्मेदारी हम आप सबकी अपने लिए जल की जरूरत समझकर व्यवस्थाओं को भविष्य को ध्यान में रखकर बढ़ाते हुए तथा जल का उपयोग किस तरह से किया जाये ताकि जल की उपलब्धता भी भविष्य को ध्यान में रखकर बनी रहे। आज वह दिन आ चुके है जब 20 रूपये की वाटल पेयजल के रूप में विक्रय होने लगी जबकि हम भारतीय संस्कृति वाले देश की प्राचीन सभ्यता को सब जानते है। पानी पिलाना बड़ा धर्म माना जा रहा है। पवित्र सेवा को लेकर भी माना जाता है। इतना ही नहीं हमारे गांवों में जो संस्कृति हम आपने सबने देखी होगी। पानी खाली नहीं दिया जाता था बल्कि पानी के साथ कुछ खाने के लिए भी दिया जाता था। भले ही पानी के गिलाश के साथ गुड़ देना उचित ताना जाता था। पर अब तो हालात स्वयं बयां हो रहे है जहां 20 रूपये की वाटल खरीदनी पड़ती है आखिरकार जब तक हम आप सब अपनी प्राचीन संस्कृ ति को अपना नहीं चलेगें तब तक सायद सरकार की व्यवस्था पर भी आश्रित बने रहेगें। आज मानवता का सबसे बड़ा धर्म पशु पक्षियों को भी पानी पिलाने का माना जाता है वहीं इसी तरह अतिथि देवो भवः वाली संस्कृति जो हमारे देश में सब जानते है। आखिरकार हमारे पूर्वज जो रास्ते में कूप बावड़ी का निर्माण कराते थे ताकि राहगीरों को भी पेयजल की व्यवस्था मिल सके। सरकार पर आश्रित नहीं रहते थे बल्कि जो सम्पन्न लोग होते थे स्वयं आगे आकर अपने धर्म की भूमिका का निर्वाहन करके इस तरह के नेक कार्य करने को लेकर जाने जाते थे। वहीं समय बदला हालात बदले निश्चितौर पर पौसरे इस समय प्याऊ के रूप में नगरों में खुलते थे। पर अब सायद पौसरे भी नजर नहीं आते अब तो 20 रूपये की वाटल से ही खरीदकर प्यास बुझाने का खेल आखिरकार पानी में भी व्यवसाय का रूप चल पड़ा। जबकि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है। आखिरकार हम आप सब मिलकर क्या अपनी प्राचीन संस्कृति को ध्यान में रखकर स्वयं के प्रयास सामूहिक रूप से जनभागीदारी की भूमिका का निर्वाहन करके सरकार के द्वारा जो जल गंगा संवर्धन अभियान लाया गया है गांव-गांव में यह जन आंदोलन लाये ताकि भविष्य को ध्यान में रखकर जल ही जीवन जो हमारे लिए जरूरी है जल की व्यवस्था पर हांथ बटायें ताकि जल हर जगह हर समय मिल सके।

## नाबालिग बालिका को फोन पर बात करने मजबूर करने व शादी करने का दबाव बनाकर मानसिक रूप से प्रताडित करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

### नाबालिग बालिका द्वारा युवक से प्रताड़ित होने पर की गई थी आत्महत्या

**पन्ना।** फरियादी द्वारा थाना रैपुरा आकर रिपोर्ट की गई कि मै बघवार कलां का रहने वाला हूं खेती किसानी का काम करता हू। मेरी तीन लड़किया है जिसमे से मेरी मझली(बीच वाली) नाबालिग बेटी सुहानी कोरी उम्र 15 साल द्वारा घर की सीलिंग मे लगी रॉड मे रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है मामले मे रैपुरा पुलिस टीम द्वारा मर्ग क्रमांक 05/25 कायम कर विवेचना मे लिया गया,मर्ग विवेचना के दौरान मृतिका द्वारा मानसिक रुप से प्रताड़ति होने से आत्महत्या की जाने के तथ्य़ सामने आने पर मामले मे थाना रैपुरा मे अपराध क्रमांक 79/25 धारा 107 बी.एन.एस का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। उक्त मामले मे मर्ग विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मृतिका के रिश्तेदारो व पड़ोसियो के कथन लिये गय़े थे जिनके द्वारा बताया गया था की कुछ दिन पूर्व पड़ोस मे रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी की शादी समारोह मे नीरज कोरी नाम का लड़का भिलसांय से आया था जिसके द्वारा मृतिका सुहानी कोरी का मोबाइल नम्बर कहीं से प्राप्त कर लिया था जो आये दिन सुहानी को फोन लगाकर बात करने के लिये मजबूर करता था एवं उसके साथ शादी करने की बात को लेकर दबाव बनाकर परेशान व प्रताड़ति करता था जिस बात को मृतिका द्वारा अपनी बड़ी बहिन एवं पड़ोस मे रहने वाली सहेलियो को बताया था जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना रैपुरा में अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस.थोटा द्वारा आरोपी की शीघ्र पतारसी कर गिऱफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश-पतारसी की गई जिसपर थाना प्रभारी रैपुरा को उक्त आरोपी के सलैया रेल्वे स्टेशन कटनी मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी नीरज कोरी को आज दिनांक 18.04.25 को सलैया रेल्वे स्टेशन थाना रीठी जिला कटनी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मृतिका सुहानी से मेरी मुलाकात उसके गांव मे एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। उसके बाद कभी-कभी मोबाइल से हमारी आपस मे बात होने लगी थी। लेकिन कुछ दिनो से सुहानी मेरे से बात नही करती थी, मै फोन लगाता था तो रिसीव नही करती थी। इसी बात को लेकर हम दोनो मे बहस होती थी, मै सुहानी से शादी करना चाहता था लेकिन वह मुझसे शादी करने से मना करती थी। जिस बात को लेकर सुहानी मुझसे बोली की तुम मुझे फोन नही लगाना। अगर तुम मुझे फोन लगाओगे तो मै फांसी लगा लूंगी तो मैने बोला की लगा लो फांसी तो उसने फोन रख दिया उसके बाद मुझे अपने बड़े भाई से पता चला कि सुहानी ने फांसी लगा ली है। मामले मे पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त कर माननीय न्यायलय पेश किया गया। जिसघटना मे प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**नाम पता आरोपी-** नीरज कोरी पिता कालीचरण कोरी उम्र 20 साल निवासी भिलसांय थाना देवेन्द्रनगर पन्ना

सराहनीय योगदान- थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव,सउनि य़शवंत सिंह, महिला प्र.आर. चांदनी जैन, आर. राजेश, राहुल, म.आर. भारती सिंह का सराहनीय

## सचिव एवं रोजगार सहायक को नोटिस जारी

**पन्ना ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा समग्र एवं पेंशन ई-केवायसी सहित प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण तथा मनरेगा योजना अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाली 25 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कटर्रा, बरकोला, मोहाना एवं बीरा, शाहनगर विकासखण्ड की फतेपुर, गजन्दा, बिलपुरा एवं बोरी, पन्ना विकासखण्ड की मकरी कुठार, गजना, सिलधरा, रमखिरिया, सकरिया, कुड़ार, जनवार एवं मनौर, गुनौर विकासखण्ड की पगरा, गंज, सिंघौरा, सुंगरहा, विक्रमपुर एवं सिरी तथा पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत देवरा, मुड़वारी और गूढ़ा के सचिव व रोजगार सहायक शामिल हैं।

## जेके सीमेंट कंपनी के सीएसआर विभाग के द्वारा सिमरिया बस स्टैंड में निशुल्क प्याऊ का किया उद्घाटन




**सिमरिया।** जेके सीमेंट कंपनी के सीएसआर विभाग के द्वारा सिमरिया बस स्टैंड में निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई। अप्रैल के महीने में आसमान से आग बरसाना शुरू हो गई तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है सिमरिया में हमेशा पानी की किल्लत रही है जे के सीमेंट की सी एस आर विभाग के द्वारा सिमरिया बस स्टैंड में निशुल्क प्याऊ खुलवाया गया। प्याऊ का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह ने किया। सी एस आर हेड मनीष शर्मा ने बताया अभी सिमरिया में जेके सीमेंट के द्वारा प्याऊ खुलवाया गया है। इसके बाद अन्य कई जगह में निशुल्क प्याऊ खुलवाया जाएगा। गौरतलब है दो दिन पहले जे.के. सीमेंट प्लांट के द्वारा पन्ना में सौंदर्यीकरण प्लांटेशन का उद्घाटन भी हुआ है। मनीष शर्मा ने बताया क्षेत्र में कंपनी के द्वारा समाज के लिए स्वास्थ्य के लिए शिक्षा के लिए कंपनी द्वारा हमेशा उचित कदम उठाए जाएंगे जिससे क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिले प्याऊ उद्घाटन में सचिव संतोष पटेल सी एस आर विभाग के राकेश चौरसिया एवं अन्य कर्मचारी सिमरिया नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कृषि मंडी के संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी ने अमानगंज में की छापामार कार्यवाही, गल्ला व्यापारियों में हड़कंप





**अमानगंज।** कृषि उपज मंडी प्राधिकरण के सागर संभाग ज्वाइंट डायरेक्टर द्वारा गठित निरीक्षण दल कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण कर व्यापारियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को कृषि उपज मंडी के संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी ने अपनी टीम के साथ अमानगंज पहुंचकर अमानगंज नगर में संचालित गल्ला व्यापारियों के भंडारंग ग्रह को चेक किया,जिसमें लापरवाही पाए जाने के कारण सात व्यापारियों के खिलाफ नोटिस काटने की कार्यवाही की गई। साथ ही ईनको चालान भी भरना पड़ेगा। इसके बाद उड़न दस्ता के प्रभारी ने अमानगंज कृषि उपज मंडी पहुंचकर मंडी का भी निरीक्षण किया साथ ही मंडी को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। वही निरीक्षण दल के प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया, कि मंडी अधिनियम के तहत सात लोगों पर कार्यवाही की गई है। जिनमें राहुल ट्रेडर्स कंपनी, दिव्यांश ट्रेडर्स, नरेश कुमार चोदहा, नागा जी ट्रेड्रस, सौरभ टेर्डस, सेख नतीर एवं मोहित टेर्डिंग के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप



### हिंदू उत्सव समिति ने शुरू किया पशु-पक्षियों के लिए पेयजल अभियान

**छतरपुर।** हिंदू उत्सव समिति ने गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से अपने वार्षिक पेयजल अभियान की शुरुआत कर दी है। शनिवार को पठापुर रोड से अभियान का शुभारंभ किया गया, जहां सीमेंट की हौदी में पानी भरकर और पेड़ों पर सकोरे टांगकर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। धर्माचार्य राघवेंद्र शास्त्री ने पूजन के साथ अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में समिति द्वारा लगातार किए जा रहे इस सेवा कार्य को तपस्या के समान माना जाना चाहिए। उन्होंने आमजन से इस पुनीत कार्य में भागीदारी का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि यह अभियान 2008 से लगातार चल रहा है और इस वर्ष चार चरणों में सौ से अधिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। पठापुर रोड पर लगी पानी की टंकी को गर्मियों भर भरने की जिम्मेदारी प्रिंस साहू ने ली है, जिनका समिति ने आभार जताया। इस अवसर पर नारायण दास, सरू साहू, मनोज गुप्ता, मनोज पाठक, अनुजय पाठक, आशुतोष अरजरिया, धनेंद्र द्विवेदी, अभिषेक रावत, भानू साहू और मुकेश मिश्रा मौजूद रहे।

### तुअर फसल उपार्जन के लिए किसान 30 अप्रैल तक कराएं पंजीयन

**जिले में 20 पंजीयन केंद्र किए निर्धारित**

**छतरपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में तुअर फसल के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन ई-पोर्टल पर 20 अप्रैल 2025 तक निर्धारित था जिसकी अवधि बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 कर दी गई है। इसके लिए जिले में 20 पंजीयन स्थल निर्धारित किये गये है। जहां पर किसान अपना पंजीयन करा सकते है।

उपसंचालक कृषि के.के. वैद्य ने बताया कि जिले में तुअर फसल उपार्जन के लिए किसान छतरपुर तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बगौता, बिजावर तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नयाताल (मंडी परिसर बिजावर) सेवा सहकारी समिति खैराकलां, (पैक्स देवरा) सेवा सहकारी समिति शाहगढ़, सेवा सहकारी समिति किशनगढ़, सेवा सहकारी समिति लखनगुवां तथा तहसील बकस्वाहा के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बकस्वाहा, सेवा सहकारी समिति सुनवाहा, सेवा सहकारी समिति दरगुआं, सेवा सहकारी समिति गढीसेमरा, सेवा सहकारी समिति सेडारा, और बड़ामलहरा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति दिकौली (मंडी परिसर बडामलहरा), सेवा सहकारी समिति मेलवार, चंदला तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पचवारा (मंडी परिसर चंदला), सेवा सहकारी समिति बछौन, गौरिहार तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति खड्डी, सेवा सहकारी समिति सरबई, घुवारा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धुवारा, तहसील लवकुशनगर के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कटहरा (मंडी परिसर लवकुशनगर) तथा नौगांव तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति लहेरापुरवा (मंडी परिसर नौगांव) निर्धारित किये गये है। इसके अतिरिक्त किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र व एम.पी.किसान एप के माध्यम से निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान एम.पी. ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में जाकर सशुल्क पंजीयन करा सकते है।

# जिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन छतरपुर में जीतू पटवारी ने सरकार पर बोला हमला

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और सह प्रभारी चंदन यादव ने शिरकत की। सम्मेलन में छतरपुर जिले की सभी 6 विधानसभा सीटों से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, देश की जनता ने हमें इस समय विपक्ष की भूमिका दी है, जिसे हम पूरी जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। हमारा पहला कर्तव्य संगठन को मजबूत करना है और उसके लिए हम कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। आप सभी का जज्बा यह बता रहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार से लडने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पटवारी ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, अगर मध्यप्रदेश के मंत्रियों की जांच की जाए तो सभी जेल में होंगे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है, कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है। आज ही बिजावर में खुलेआम एक इनामी बदमाश ने हत्या की है, और इस सबके बावजूद सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने भारत को विश्वगुरु बनाने की बात कही थी लेकिन आज भारतीय पासपोर्ट की स्थिति ही सब कुछ बयां कर रही है। देश में अघोषित इमरजेंसी जैसे हालात हैं और माफियाओं का बोलबाला है।




### कांग्रेस अब दिल्ली और भोपाल से नहीं, गांव से चलेगी: हरीश चौधरी

मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने सम्मेलन में कांग्रेस संगठन के जमीनी विस्तार पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, अब कांग्रेस सिर्फ दिल्ली या भोपाल से नहीं चलेगी। छतरपुर की कांग्रेस, छतरपुर से ही चलेगी। हमें ग्राम स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। चौधरी ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा, रुपए की गिरती कीमत, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की घटती आय और देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति इसका प्रमाण है। बीजेपी ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया और देश को मुश्किल दौर में धकेल दिया है।

### आपसी मतभेद मिटाएं, तभी जीत संभवः महाप्रसाद पटेल

कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि जब तक आपसी मतभेद नहीं मिटेंगे, तब तक कोई भी चुनाव जीतना कठिन है। उन्होंने कहा, हम सभी को एकजुट होकर लडन्ना होगा, तभी हम आगामी चुनावों में जीत दर्ज कर सकते हैं। वहीं पूर्व विधायक नीरज दीक्षित ने छतरपुर जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार और लचर स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, अस्पतालों में व्यवस्थाएं ध्वस्त हैं और हर स्तर पर वसूली हो रही है। भाजपा नेता बालू की खदानों में व्यस्त हैं और हमारे नेताओं को फर्जी केस लगाकर परेशान किया जा रहा है।

# शादी से लौट रहे परिवार को ट्रक ने मारी टक्कर, पिता और दो मासूमों की गई जान

### घर लौटते वक्त काल बनकर आया ट्रक, सड़क हादसे में टूटा परिवार

छतरपुर

बमीठा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब पूरा परिवार एक शादी समारोह से अपने घर वापिस लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार, ग्राम भैरा निवासी 45 वर्षीय मिजाजी लाल अहिरवार अपनी पत्नी, दो वर्षीय पुत्र शिवम, तीन वर्षीय पुत्री भावना, छह वर्षीय पुत्र बादल और पांच वर्षीय पुत्री काजल के साथ ओंटापुरवा स्थित अपने रिश्तेदार ललता अहिरवार के घर शादी में शामिल होने आया था। शुक्रवार सुबह यह पूरा परिवार बाइक क्रमांक एचआर 10 एन 3119 से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में मिजाजी मुख्यमार्ग पर पहुंचा, जहां एक रिश्तेदार खड़ा था। मिजाजी की पत्नी बाइक से उतरकर उससे मिलने चली गई, जबकि मिजाजी बच्चों के साथ सड़क पार करने लगा, तभी झमटुली की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 4628 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मिजाजी लाल अहिरवार, उनका पुत्र शिवम और पुत्री भावना की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बादल और काजल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने शवों को ट्रक के नीचे से





निकालने के लिए क्रेन बुलवाई और शवों को पीएम के लिए राजनगर भेजा गया। साथ ही दोनों घायल बच्चों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान घायल मासूम भाई-बहन के बीच भावुक क्षण भी देखने को मिले। जब दोनों को आमने-सामने लाया गया, तो एक-दूसरे को देख वे रो पड़े और हाथ फेरते हुए एक-दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आए।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम खैरों के पुरवा निवासी 18 वर्षीय युवक ने बीते रोज अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। खैरों के पुरवा निवासी जगदीश कुशवाहा ने बताया कि उसके भतीजे धर्मेन्द्र कुशवाहा की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। जगदीश ने बताया कि धर्मेन्द्र खेती-किसानी करता था। गुरुवार शाम घर के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। कुछ देर बाद लगभग शाम 6 बजे धर्मेन्द्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ते ही परिवार के लोग तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए, जहां इलाज के दौरान लगभग दो घंटे बाद उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गंदे पानी की शिकायत मिलने पर जांच करने पहुंचा प्रशासन, वाटर प्लांट में मिली मरी हुई चिड़िया



**बकस्वाहा।** नगर में बदबूदार और अशुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशान नागरिकों की शिकायत पर तहसीलदार भरत पांडे ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयंत्र के पानी में मरी हुई चिड़िया मिली है। निरीक्षण के बाद तहसीलदार ने कंपनी के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल की शुद्धता और सुरक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित सफाई, फिल्ट्रेशन और रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाई जाए। उल्लेखनीय है कि नगर के 15 वार्डों को इसी संयंत्र से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होती है, जिसे मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड संचालित करती है। पिछले दिनों नागरिकों ने घरों में बदबूदार पानी आने की शिकायत की थी, जिसके बाद प्रशासन जांच करने पहुंचा था। संयंत्र में मिली मृत चिड़िया इस बात की पुष्टि करती है कि जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही बरती गई है, जिससे नगरवासियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं इस मामले में कंपनी के इंजीनियर रामकुमार रैकवार का कहना है कि संयंत्र में पानी को कई स्तरों पर फिल्टर किया जाता है, फिर टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जाता है।

# बच्चों से भीख मंगवा रहा था शराबी विकलांग



### लोगों ने पकड़कर कर दिया पुलिस के हवाले

**छतरपुर।** शुक्रवार को छतरपुर शहर के छत्रसाल चौक क्षेत्र में एक शराबी विकलांग व्यक्ति को अपनी तीन पहिया बाइक पर दो मासूम बच्चों को बैठाकर उनसे भीख मंगवाते हुए पकड़ा गया। स्थानीय लोगों द्वारा मामले की सूचना सिटी कोतवाली थाना और सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी मौके पर पहुंचे और विकलांग व्यक्ति सहित दोनों बच्चों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी व्यक्ति नशे की हालत में था और बच्चों को तपती धूप में बिना चप्पल पहने गलियों और चौराहों पर घूमाकर भीख मंगवा रहा था। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह व्यक्ति अक्सर इसी तरह बच्चों का इस्तेमाल करता है और स्वयं शराब के नशे में रहता है। शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय के समीप छत्रसाल चौक क्षेत्र में बच्चों को भीख मांगते देख लोगों ने आपत्ति जताई और तुरंत पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ की जा रही है। सिटी कोतवाली प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बच्चों के अधिकारों का हनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी व्यक्ति का कोई गिरोह से संबंध है या नहीं।

# अवैध हथियार के साथ गुंडा लिस्टेड बदमाश गिरफ्तार

छतरपुर।

हिनौता थाना पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए गुंडा लिस्टेड बदमाश बृजगोपाल सिंह उर्फ बबुआ को अवैध धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम हिनौता नाले के पास संदिग्ध रूप से घूमता मिला, जिसकी तलाशी में उसके पास से हथियार बरामद हुआ। बृजगोपाल सिंह के खिलाफ पूर्व में मारपीट और अवैध हथियार रखने के छह मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी पर आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। यह कार्रवाई एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार यादव और टीम द्वारा की गई। पुलिस का अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

### दक्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए हुआ ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन



**छतरपुर।** शहर के नारायणपुरा रोड स्थित दक्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के फार्मेसी कॉलेज में बी. फार्मा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर तृतीय वर्ष के छात्रों ने रंगारंग विदाई समारोह प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर अजय लाल के प्रेरक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को जीवन के वास्तविक धरातल पर उतरने की सीख देते हुए एकता में कार्य करने का महत्व बताया। एडवाइजरी चेयरमैन डॉ. अशोक निगम ने कहा कि दक्ष कॉलेज के छात्र-छात्राएं देश की विभिन्न कंपनियों में अपनी पहचान बना रहे हैं और जूनियर्स के लिए आदर्श बनें, यह अपेक्षा की।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलपति ने दक्ष कॉलेज की सकारात्मक छवि की सराहना करते हुए छात्रों को लाइफटाइम लर्निंग की महत्ता बताई। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमति प्रकाश जैन ने छात्रों को बड़े सपने देखने और गुरुओं व माता-पिता के आशीर्वाद की अहमियत समझाई। समारोह के दौरान छात्रों को विशेष टाइटल के साथ प्रमाण पत्र और ग्रेजुएशन कैप प्रदान किए गए। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। फार्मेसी लोगो को दीप प्रज्वलित कर छात्रों ने संस्थान की पहचान को दर्शाया और फार्मासिस्ट की शपथ भी ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष मिश्रा एवं छात्रा कात्यायनी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजय निगम ने लक्ष्य निर्धारण और सतत प्रयास पर बल दिया। समापन अवसर पर एचओडी प्रशांत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। एकेडमिक हेड डॉ. पवन बाजपेई और मीडिया प्रभारी शशांक चौरसिया ने इस आयोजन को छात्रों के लिए ऊर्जादायक बताया। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त प्राध्यापक, स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# गढ़ा के स्कूल को मिली नई पहचान, अब बागेश्वरधाम के नाम हुआ विद्यालय

**ग्रामीणों में हर्ष, सिद्ध क्षेत्र के नाम से स्कूल होने पर शासन का आभार**

छतरपुर। जिले के जनपद शिक्षा केंद्र राजनगर अंतर्गत आने वाले माध्यमिक विद्यालय गढ़ा का नाम परिवर्तित हो गया है। अब यह विद्यालय सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम के नाम से जाना जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने नया नाम देते हुए आदेश जारी किया है।

जानकारी के मुताबिक लोक शिक्षण संचालनालय ने पत्र क्रमांक/ भवन/ सी/ नाम प्रस्ताव /14/2025/ 73 दिनांक 17/04/25 को जारी आदेश में शासकीय माध्यमिक शाला गढ़ा विकासखंड राजनगर का नाम परिवर्तित करते हुए शासकीय माध्यमिक शाला श्री बागेश्वर धाम गढ़ा किया है। संचालक लोक शिक्षण डीएस कुशवाह ने आदेश में उल्लेख किया है कि कलेक्टर छतरपुर के प्रस्ताव दिनांक 11 अप्रैल 2025 अनुसार नवीन नामकरण के संबंध में जारी शासन निर्देश क्रमांक/एफ/ 19-196/ 2003/ 1/4 भोपाल दिनांक 23 जून 2004 एवं क्रमांक/एफ-44-20/ 2012/ 20-2 भोपाल दिनांक 4 /9 /2014 के क्रम में जिला स्तर पर गठित समिति के अनुमोदन उपरांत शासकीय माध्यमिक शाला गढ़ा का नाम बदलकर सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम के नाम से किया गया है। दुनिया भर में आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम में लाखों श्रद्धालु बालाजी के दर्शन करने आते हैं। मूल रूप से यह स्थान ग्राम गढ़ा में है। समूचे विश्व में इस स्थान की पहचान बागेश्वर धाम के रूप में बनी है। इसलिए शासन ने कलेक्टर के प्रस्ताव पर गढ़ा स्थित माध्यमिक शाला का नाम बदलकर माध्यमिक शाला श्री बागेश्वर धाम गढ़ा कर दिया है। गांव के लोगों में इस निर्णय के प्रति खुशी जाहिर की गई है। लोगों का कहना है कि जिस नाम से पूरे दुनिया में गांव विख्यात हुआ है वहां के विद्यालय का नाम अगर बदल गया है तो यह अत्यंत सराहनीय है। ग्रामीणों ने समीपी रेलवे स्टेशन का नाम भी बागेश्वर धाम के नाम से किए जाने की मांग उठाई है।

# गेहूं परिवहन में लापरवाही करने एवं उठाव में धीमी गति पर डीएम नान को कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया

कलेक्टर ने गेहूं खरीदी, परिवहन, भुगतान, पंजीयन सत्यापन, स्टॉल बुकिंग की समीक्षा की

### जिन समितियों ने अभी भी केंद्र शुरू नहीं किए उनके प्रबंधकों सहित जीएम कॉपरेटिव बैंक को भी नोटिस देने के निर्देश

छतरपुर

विगत गुरुवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक की।बैठक में गेहूं खरीदी, परिवहन, भुगतान, किसान पंजीयन, सत्यापन, स्लॉट बुकिंग की विस्तृत उपार्जन केंद्रवार समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिले में खरीदी केंद्रों पर भंडारित गेहूं का परिवहन नहीं होने, उठाव कार्य में अत्यंत धीमी गति होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम नान राजेश साकल्ले को कारण बताओ नोटिस जारी कर 20 अप्रैल को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। कि क्यों न सम्बंधित पर निलंबन, विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित या एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की जाए।

समीक्षा में पाया गया कि 13266.80 मी.टन गेंहू खरीदी के विरूद्ध मात्र 6196.50 मी.टन (51.31 प्रतिशत) का परिवहन हुआ है। केन्द्रों पर अभी भी 7070.30 मी.टन गेंहू परिवहन हेतु शेष है। बार-बार तीव्र परिवहन किये जाने के निर्देश दिये जाने के बाद भी उक्त कार्य में कोई रूचि नहीं ली गई। ना ही अनुबंधित परिवहनकर्ताओं पर नियंत्रण करते हुये उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं को गेंहू परिवहन का कार्य तीव्र गति से शतप्रतिशत समय से हो। जिससे किसानों को समय-सीमा में भुगतान किया जा सके। कलेक्टर ने जिले में 11 उपार्जन केंद्र चालू नहीं पाए जाने पर जीएम कॉपरेटिव बैंक सहित सम्बंधित समितियों के प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए और नाराजगी व्यक्त करते हुए 1 दिवस में तत्काल सभी केंद्र चालू कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को खरीदी केंद्रों के लगातार निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

# रेत माफिया ने अपने ही ट्रैक्टर चालक को मारी गोली, मौत

### आरोपी रेत माफिया की तलाश में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** जिले के बिजावर थाना क्षेत्र में एक रेत माफिया द्वारा अपने ही ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी घटना के बाद से फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। वहीं मृतक का शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया।

जानकारी के अनुसार बिजावर थाना अंतर्गत ग्राम एरोरा निवासी 35 वर्षीय मनोज रैकवार, रेत के अवैध कारोबार से जुड़े उमेश दुबे के ट्रैक्टर पर चालक के रूप में कार्य कर रहा था। गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे उमेश दुबे ने शराब के नशे में मनोज को गोली मार दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मनोज को तत्काल बिजावर उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई राहुल रैकवार ने बताया कि उनका भाई काफी समय से उमेश दुबे के ट्रैक्टर पर काम कर रहा था। घटना के समय भी वह ट्रैक्टर के साथ था, तभी उमेश दुबे ने किसी बात को लेकर उसे गोली मार दी। मृतक के एक अन्य भाई विजय रैकवार ने भी घटना की पुष्टि की है। घटना की सूचना मिलते ही बिजावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। बिजावर थाना प्रभारी कमलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी उमेश दुबे घटना के बाद से फरार है, उसकी तलाश जारी है। मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# 5वीं की फर्जी अंकसूची लगाकर सहायिका के पद पर आंगनवाड़ी केंद्र ठकुर्रा के लिए 2 आवेदिकाओं पर होगी कानूनी कार्रवाई

### डीपीओ महिला एवं बाल विकास ने गौरीहार थाना प्रभारी को लिखा पत्र

**छतरपुर।** डीपीओ महिला एवं बाल विकास छतरपुर राजीव सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र ठकुर्रा में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें ग्राम पोस्ट ठकुर्रा निवासी दो आवेदिकाओं द्वारा किए गए आवेदन में 5वीं की अंकसूची फर्जी पाए जाने पर थाना गौरीहार को संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा गया है। आवेदिका साधना सिंह पत्नी जयेन्द्र सिंह परिहार द्वारा सहायिका पद हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन के साथ कक्षा 5वीं की अंकसूची संलग्न की गई थी। जिसमें दावा आपत्ति प्राप्त होने पर साधना सिंह पुत्री तेजबहादुर की कक्षा 5वीं की अंकसूची की जांच हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद चित्रकूट (उ.प्र.) को लेख किया गया। उक्त अंकसूची के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद चित्रकूट (उ.प्र.) के जांच प्रतिवेदन अनुसार क्रमांक 1722 पर दिलीप कुमार साहू का नाम अंकित था जिसको काटकर साधना सिंह का नाम अंकित किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि अंकसूची कूटरचित है। साथ ही रन्नो देवी यादव पत्नी विजय बहादुर यादव द्वारा सहायिका पद हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन के साथ कक्षा 5वीं की अंकसूची संलग्न की गई, जिसमें दावा आपत्ति प्राप्त होने पर रन्नो देवी यादव पुत्री रामराज की कक्षा 5वीं की अंकसूची की जांच के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला बांदा (उ.प्र.) को लेख किया गया। उक्त अंकसूची के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा के जांच प्रतिवेदन पत्र अनुसार अंक पत्र में दर्ज प्रवेशांक 2446 में रन्नों देवी यादव की जगह रेखा पुत्री सीताराम निवासी खाईपार बांदा दर्ज पाया गया। अंक प्रमाण के मिलान अनुसार रन्नों देवी की कक्षा 5वी की अंकसूची फर्जी पाई गई। उक्त दोनों के विरुद्ध जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में जिला चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के पालन में थाना गौरीहार में वैधानिक कानूनी कार्रवाई किए जाने के लिए लेख किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बनारस से अर्टिगा कार में रीवा लाई जा रही नशीली कफ सिरप की खेप पकड़ी 3 आरोपी गिरफ्तार,




**रीवा।** रीवा जोन नवजात आईजी गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान का एक बड़ा असर देखने को मिला है बता दे जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस ने जोगिनहाई टोल प्लाजा के पास गुरुवार को घेराबंदी कर नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दे आरोपी यूपी के बनारस से नशीली कफ सिरप लेकर रीवा तस्करी के लिए ला रहे थे, जिन्हे मुखबिर सूचना के बाद घेराबंदी कर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, बता दे हाल में ही रीवा जोन नवागत पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूम में सभी अधिकारियों के साथ बैठक लेकर अवैध नशे के विरुद्ध नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए है, जिसका असर अब साफ़ तौर पर दिखने लगा है। बता दे पुलिस ने ये कार्यवाही मे आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 26 हजार रुपए की नशीली कफ सिरप जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि यूपी के बनारस से अवैध नशीली कफ सिरप की खेप एक आर्टिका कार में लेकर आरोपी रीवा आ रहे है। सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आईजी द्वारा बनाई गई विशेष टीम द्वारा कार को घेराबंदी कर पकड़ा गया वही कार की तलाशी लेने पर नशीली कफ सिरप का जखीरा बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस ने नशीली कफ सिरप का जखीरे को जप्त कर मौके से टीम आरोपियो को गिरफ्तार किया है कार के अंदर 05 प्लास्टिक की बोरियो मे कुल 1162 शीशी बरामद हुआ है, पकड़े गए आरोपियों से पुलिस अब अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।
बाक्सये आरोपी गिरफ्तारपुलिस ने अर्टिका कार क्रमांक एमपी 17 जेड जी 2513 को जब्त कर आरोपी वीरेन्द्र कुमार नामदेव पिता चन्द्रमणि नामदेव 28 वर्ष निवासी हरदुआ थाना सेमरिया, रवि साकेत पिता बृजनाथ साकेत 19 वर्ष निवासी खारा थाना सेमरिया व अनिल साकेत पिता जागेश्वर साकेत 40 वर्ष निवासी ऐलहा थाना सेमरिया को गिरफ्तार किया है।बाक्सकार्रवाई टीम इनकी रही मुख्य भूमिका वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बनाई गई टीम द्वारा की कार्रवाई में समान थाना प्रभारी विकाश कपीश, थाना प्रभारी उनि. महेन्द्र मिश्रा, गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव, अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, चाकघाट थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा के साथ आईजी साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आपसी विवाद में पति ने शराब की बोतल से पत्नी का फोड़ा सिर, शहर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत मामला



रीवा

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेकहा मोहल्ले में पति पत्नी का आपसी विवाद गंभीर वारदात का कारण बन गया, बता दे महिला किराएदार के यहा गई थी इसी बात पर पति आगबबूला हो गया और उसने शराब की बोतल उसके सिर पर पटक दी। साथ ही उसके साथ मारपीट की जिससे उसका एक हाथ भी फैक्चर हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पति नशे की हालत में घर पहुंचा था, जिसके बाद पत्नी सावित्री के साथ मारपीट शुरू कर दिया। घायल महिला का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता के भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन के साथ पति ने मारपीट कर घटना को अंजाम दिया है। बताया गया कि महिला अपने ही घर में किराए से रहने वाले किराएदार के कमरे में गई हुई थी, इसी बीच पति घर पहुंच गया और उसने कमरे में ताला लटकता पाया। इस बात पर नाराज पति ने नशे की हालत में हाथ में ली हुई बोतल को पत्नी के सिर में फोड़ दिया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसका एक हाथ भी तोड़ दिया। इसके बाद आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। वही पुलिस अब शिकायत मिलने के बाद पूरे मामले की जांच कर रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ परामर्श के लिए टेली-मेडिसिन सेवा वरदान : उप मुख्यमंत्री

### श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, टेली मेडिसिन सेवा का हुआ शुभारंभ



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टेली-मेडिसिन सेवा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाओं के प्रदाय का सशक्त माध्यम है। उप मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में टेली-मेडिसिन सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा से रीवा और सीधी जिलों के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को वरिष्ठ विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त होगा। इस सेवा के तहत अब संजय गांधी अस्पताल, रीवा के मेडिसिन, शिशु रोग (पेडियाट्रिक्स) तथा स्त्री रोग (गायनी) विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक, दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को फोन या अन्य संचार माध्यमों से जरूरी परामर्श देंगे। इससे उन मरीजों को तुरंत लाभ मिलेगा जिन्हें विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता होती है। अब ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ सेवाओं के लिए ज़िला मुख्यालय आने की आवश्यकता विशेष परिस्थितियों में ही पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सेवा न सिर्फ मरीजों की यात्रा की आवश्यकता को कम करेगी, बल्कि समय, धन और संसाधनों की भी बचत करेगी। साथ ही, इससे प्राथमिक स्तर पर कार्यरत चिकित्सकों को विशेषज्ञों की मदद से त्वरित एवं सटीक निर्णय लेने में सुविधा होगी। इससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान व इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टेली-मेडीसिन सेवा का प्रभावी उपयोग ₹सशक्त व स्वस्थ मध्यप्रदेश₹ के विजन को धरातल पर उतारने में सहयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने टेली-मेडिसिन कक्ष की व्यस्थाओं का अवलोकन किया एवं विधिवत संचालन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वे अगले सप्ताह प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे। इस दौरान डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. मनोज इंदुलकर सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## अमहिया पुलिस शातिर जिला बदर के आरोपी किया गिरफ्तार



**रीवा ।** शहर के अमहिया थाना पुलिस ने जिला बदर के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दे पकड़ा गया आरोपी शातिर आदतन बदमाश है, जिस पर जिला दण्डाधिकारी ने उसे जिला बदर का आदेश दिया था, इसके बावजूद आरोपी शहर में रहकर चोरी छिपे वारदात को अंजाम दे रहा था। मुखबिर सूचना के बाद अमहिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि 1990 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। पकड़ा गया आरोपी शिब्बू रावत पिता मनसुख लाल रावत 26 वर्ष निवासी कमसरियत मोहल्ला थाना अमहिया का रहने वाला था।

सट्टा पर्ची काटते युवक गिरफ्तारअमहिया पुलिस ने सट्टा पर्ची काटते एक युवक को गिरफ्तार कर सट्टा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने मानस भवन के पास स्थित कचरा प्लांट के बगल में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी संतोष रैकवार पिता मोहन लाल रैकवार निवासी टोला के कब्जे से पुलिस ने 520 रुपए नकद, एक पेन व सट्टा पर्ची जब्त की है7 पुलिस ने मामले में सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है।

## हिनौती गौधाम में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें - उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम में गौवंशों के लिए शेड की व्यवस्था सहित चारा व पानी सुविधा सुनिश्चित करायें। गौधाम में पानी की कमी न होने पाये इस पर विशेष ध्यान दें। सर्किट हाउस राजनिवास में हिनौती गौधाम के संबंध में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधोसंरचना विकास के कार्यों सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करायें भविष्य में पानी की उपलब्धता की भी कार्ययोजना अनुसार कार्य करें तथा गौवंश के लिए पशु आहार की भी उपलब्धता सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि गौधाम में व्यवस्था के अनुरूप ही गौवंश संरक्षित रखे जाय। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की धीमी प्रगति व व्यवस्थाओं में कमी होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा एसडीएम को निर्देश दिये कि प्रतिदिवस हिनौती गौधाम जाकर व्यवस्थाओं की मानीटरिंग करें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अध्यक्ष गंगेव जनपद विकास तिवारी, एसडीएम राजेश सिन्हा, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. राजेश मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर से भटककर आई वृद्ध महिला को उसके पुत्र से मिलाया गया



**रीवा ।** बैकुंठपुर थाने के स्टाफ द्वारा गत दिनों एक अज्ञात महिला को महिला बाल विकास द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर मे लाया गया था। महिला की असहजता को दूर करते हुए वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर रेखा चतुर्वेदी ने काउंसलिंग की और उसके विषय में जानकारी एकत्र करते हुए प्रशासक श्रीमती सुमन नामदेव को संपूर्ण जानकारी दी। श्रीमती नामदेव के मार्गदर्शन पर क्षितिज तिवारी द्वारा परिवारजनो की खोजबीन की गई। सतना जिले के ग्राम कोटर की रहने वाली 53 वर्षीय महिला के पुत्र को रीवा बुला कर उसकी माँ से मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि महिला तकरीबन 4-5दिन से अपने घर से भटक कर रीवा आ गई थी अब उसे उसका बेटा अपने घर ले गया।

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में खिलाडियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**रीवा।** म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एक मई से 31 मई तक शहरी क्षेत्रों के विभिन्न खेल मैदान पर 15 खेलों में 50 प्रशिक्षक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्ड स्तर पर 02 खेलों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह ने कहा कि बारीकियों के साथ-साथ नशे के दुष्परिणामों से भी युवाओं को अवगत कराये, तथा अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़े। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि सभी खिलाड़ी (बालक/बालिका) जिनकी आयु 8 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य है भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ियों से आग्रह है कि निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर निःशुल्क पंजीयन करा कर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये शहरी क्षेत्र हेतु सुश्री राखी सिंह, 8269482556 अमर सिंह जाटव, 9753622200 श्रीमती रीतिका शर्मा, 8878093678 तोषराम कनोजे 9977975947 एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ब्लाक के समन्वयक से संपर्क कर सकते है।



## दहेज के लिए जिंदा जलाने पर जेठानी को आजीवन कारावास

रीवा ।

दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में कोर्ट ने मृतिका की जेठानी को आजीवन कारवास की सजा सुनाई है। ससुराल में महिला को आग से जलाया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका की ननद अभी फरार है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिरमौर संजय वर्मा ने धारा 302, 498 ए एवं 34 के मामले में आरोपी प्रभा तिवारी को आजीवन कारावास के साथ ही 25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक हेमराज पांडेय ने बताया कि मृतका आरती तिवारी का विवाह वर्ष 2003 में मौहरिया थाना गढ़ निवासी भास्कर तिवारी से हुआ था। वर्ष 2006 में गौना हुआ। बताया गया है कि कुछ साल बाद से आरती को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का दौर शुरू हो गया। उसे ताना मारे जाते थे। वर्ष 2018 में आग से बुरी तरह जलने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसे बयान दर्ज किए गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद थाना में अपराध दर्ज किया गया। बताया गया है कि उसे आग से जलाकर हत्या की गई थी। इस मामले में मृतका की जेठानी प्रभा तिवारी को सजा सुनाई गई है। ननद ममता तिवारी अभी इस मामले में फरार है। जबकि मृतका के पति की मौत हो चुकी है।

## छोरी के इरादे से घर में घुसे बदमाश ने महिला के साथ की छेड़छाड़, विरोध किया तो कर दिया हमला, संजय गांधी अस्पताल में इलाज जारी



**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजन बस्ती बुधवार की देर रात चोरी के इरादे से घुसे बदमाश की उस समय नियत बदल गई जब उसने घर में अकेली महिला को देखा। बता दे कि बदमाश ने पहले महिला के साथ छेड़छाड़ किया वही जिसके बाद महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया वहीं महिला का शोर शराब सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल ले आए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चोरी करने के इरादे से घर में घुसे चोर ने अकेली महिला के साथ छेडख़ानी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में रहने वाली वर्षा साकेत के साथ आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित महिला का पति बाहर रहकर नौकरी करता था। हालांकि महिला ने नामजद आरोपी का नाम बताया है, जिसके बाद पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश कर सच्चाई का पता लगाने का प्रयास कर रही है। महिला के मुताबिक गांव का ही एक युवक चोरी करने की इरादे से घर में घुसा, जहां अंदर के कमरे में सो रही थी उसे अकेला देख आरापी नियत बिगड़ गई और उसने छेड़कानी शुरू कर दी, इस बीच जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हुई है जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही पुलिस अब पूरे मामले में जांच कर रही है।

# रीवा में औद्योगिक क्रांति की तैयारी, पतंजलि लगाएगा फूड प्लांट, 1000 करोड़ का निवेश संभावित, उप मुख्यमंत्री से आचार्य बालकृष्ण ने की भेंट, पतंजलि संस्थान द्वारा विंध्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश एवं औद्योगिक परियोजनाओं पर हुई चर्चा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हाल ही में रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में निवेश के नए और अपार अवसर खुले हैं। जो विंध्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पतंजलि समूह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी से इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से अमहिया, रीवा स्थित निज निवास पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण ने सौजन्य भेंट की।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जैसे हम हरित क्रांति ला रहे हैं, अब विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि रीवा क्षेत्र में नेचुरल रिसोर्स के आधार पर सीमेंट प्लांट तो आ ही रहे हैं, लेकिन अगर पतंजलि ग्रुप का फूड प्लांट यहां आ जाता है तो यह 1000 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खोलेगा, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब फूड प्लांट लगते हैं तो किसानों की समृद्धि बढ़ती है, क्योंकि उन्हें पता चलता है कि कौन सी फसल उगाई जाए जिससे उन्हें सीधा आर्थिक लाभ हो। पतंजलि देश में फूड क्रांति के क्षेत्र में सबसे बड़ा समूह है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से उनकी चर्चा 2011-12 में ही हुई थी। तब बाबा रामदेव ने कहा था कि पहले वे नागपुर और इंदौर में प्लांट लगाएंगे, फिर अन्य जगहों पर विचार करेंगे। शुक्ल ने कहा कि इसके बाद मैं लगातार इंतजार करता रहा। रीवा में जब रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुआ, उससे पहले मैं हरिद्वार जाकर बाबा रामदेव से मिला। मैंने पूछा कि नागपुर का क्या हुआ, उन्होंने कहा – हो गया। फिर मैंने पूछा इंदौर का क्या हुआ, उन्होंने कहा – हो गया। तब मैंने आग्रह किया – अब रीवा चलिए। हमने कहा कि 400 एकड़ जमीन मऊगंज के पास पतंजलि के लिए रिजर्व कर रखी है। यह जमीन पिछले 15 सालों से किसी को नहीं दी गई थी, हम सिर्फ पतंजलि का इंतजार कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 2007 में बाबा रामदेव पहली बार रीवा आए थे, और तभी से उनका रीवा से विशेष स्नेह जुड़ा है। बाबा रामदेव ने बालकृष्ण जी को बुलाया और कहा कि अब हमें रीवा में फूड प्लांट लगाना चाहिए। पतंजलि ने अब 25 करोड़ रुपये जमा कर जमीन की रजिस्ट्री भी करवा ली है, जिससे स्पष्ट है कि अब उनकी रूचि रीवा में है। बालकृष्ण जी स्वतः साइट देखने भी गए। उप मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस फूड प्लांट से धरती से दौलत पैदा होगी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को दोहराते हुए कहा कि देश को समृद्धशाली बनाना है तो धरती से दौलत पैदा करनी होगी।उपमुख्यमंत्री ने कहा, पतंजलि ग्रुप का रीवा में निवेश आना एक सुखद संकेत है।
इस अवसर पर पतंजलि संस्थान के संस्थापक, सचिव, आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि रीवा में संभावनाएं भी हैं और भावनाएं भी। उपमुख्यमंत्री इस क्षेत्र के विकास और रोजगार के लिए प्रतिबद्ध हैं, और पतंजलि इस दिशा में एक नई योजना बनाएगा। पहला चरण पूरा हो चुका है, रजिस्ट्री का कार्य हो गया है। हमने दुनिया के लिए एक



व्यापक और वृहद रूपरेखा तैयार की है। हमें विश्वास है कि विकास की गंगा के साथ-साथ किसानों के जीवन में भी समृद्धि आएगी।हम यहां एक 'रो आधारित प्रोडक्ट' बनाएंगे, कल्टीवेशन वगैरह भी करेंगे। जो उत्पाद हम बनाएंगे, उनका कच्चा माल किसान उगाएंगे और हम उनसे ही खरीदेंगे। इसे हम इंडस्ट्रियल फूड पार्क के रूप में विकसित करेंगे। हम प्रयास करेंगे कि और भी उद्योग जगत के लोग और संस्थाएं यहां आएं और निवेश करें। एग्रीकल्चर फील्ड में ज्यादा रोजगार मिलता है, सिर्फ फैक्ट्री में काम करने से रोजगार नहीं बढ़ता। इस पहल से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। हमने घोषणा की थी कि शुरुआत 500 करोड़ से करेंगे, लेकिन यह निवेश 1000 करोड़ तक जाएगा। यहां स्किल डेवलपमेंट और एजुकेशन के क्षेत्र में भी काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष अक्टूबर माह में रीवा में आयोजित हुये इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में पतंजलि समूह द्वारा उद्यम इकाई स्थापित करने की सहमति दी गयी थी तदनुक्रम में पतंजलि योग पीठ के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण पंजीकृत एग्रीमेंट के दस्तावेज प्रस्तुत करने रीवा आये थे।

## बहुती जल प्रपात परिसर का होगा काया कल्प, पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा -कलेक्टर

**मऊगंजः**





जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर नईगढ़ी विकास खंड के माड़ौ ग्राम पंचायत स्थित प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण बहुती जलप्रपात क्षेत्र का कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा निरीक्षण किया गया। कलेक्टर जैन द्वारा बहुती जल प्रपात परिसर में बनाए गए रेस्ट हाउस का भी जायजा लिया गया। जैन ने पर्यटन विभाग द्वारा निर्माण कराए गए और आज की स्थिति में जर्जर हालत में हो चुके भवन का बारीकी से निरीक्षण कर कहा कि वास्तव में भवन उत्तम क्वालिटी का बनाया गया है। लेकिन रखरखाव के अभाव में भवन के खिड़की दरवाजे गायब हो चुके हैं। इतना ही नहीं परिसर में आज भी कई निर्माण कार्य आधे अधूरे पड़े हैं। उन्होंने कहा वास्तव में यह प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण एवं अपने आप में अलग सौंदर्य लिए आकर्षक स्थल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। मऊगंज जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण पर्यटक क्षेत्र स्थित रेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार कर जिले के लिए अद्भुत पर्यटक स्थल बनाया जा सकता है प्रयास होगा कि जर्जर हालत में पड़े रेस्ट हाउस का 3 महीने के अंदर कायाकल्प कर बेहतर रूप दिया जा सके। आज यह भवन रखरखाव के अभाव में खंडहर का रूप ले चुका है उसे फिर से बनाने सजाने एवं पर्यटन के लिए खोलने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर श्री जैन द्वारा बताया गया की भवन का फिर से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जो जिले में अपने आप में प्राकृतिक छटा से पिरोया सर्किट हाउस होगा। प्रपात परिसर में बैरिकेटिंग, रेस्ट हाउस, पीने के लिए पानी, शौचालय एवं अन्य सुविधाएं बनाई जाएगी। कलेक्टर द्वारा बताया गया मऊगंज जिले में अनेक प्राकृतिक संपदाएं हैं व्यापार एवं सौंदर्यीकरण के साथ कुछ विशेष करने की जरूरत है। इस दिशा में प्रयास करने से भविष्य में आकर्षक स्थल होगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई है 3 माह के अंदर कार्य योजना में गति लाने का प्रावधान बनाया गया है बहुती जलप्रपात परिसर को आकर्षक सर्व सुविधायुक्त एवं जर्जर हो चले रेस्ट हाउस के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए सभी कार्य योजनाएं बनाई गई है।कलेक्टर ने कहा कि जब सभी प्रकार की शुदृढ़ व्यवस्थाएं हो जाएंगी तब अपने आप सब कुछ अनुकूल हो जाएगा। पूर्ण प्रयास होगा कि अतिसीघ्र बहुती जलप्रपात स्थित परिसर एवं रेस्ट हाउस को ऐसा रूप दिया जाए की मऊगंज जिला क्षेत्र ही नहीं प्रदेश में अब यह स्थान अपनी अलग पहचान से जाना जावे। *बहुती जल प्रपात का मनोरम दृश्य पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र*मध्य प्रदेश के रीवा सम्भागीय मुख्यालय से 70 किलोमीटर पूर्व उत्तरी एवं नवगठित मऊगंज जिला मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर उत्तरी छोर पर स्थित बहुती प्रपात ओड्डा नदी से निर्मित है। जो तमसा या टोंस नदी की सहायक नदी है। बहुती जलप्रपात की ऊंचाई 198 मी यानी 650 फिट है। प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण बहुती प्रपात जो वास्तव में नईगढ़ी जनपद पंचायत के माड़ौ ग्राम पंचायत में स्थित है। वैसे तो मऊगंज एवं रीवा जिले में पर्यटकों के आकर्षण के कई आकर्षक केंद्र यानी जल प्रपात हैं लेकिन मऊगंज जिले के बहुती जल प्रपात का मनोरम दृश्य कुछ और ही है, जो पूरे क्षेत्र में अपने गहराई एवं प्रकृति द्वारा निर्मित जंगल से आच्छादित परिदृश्य के लिए जाना जाता है। वास्तव में बहुती जैसे प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण जल प्रपात स्थल पर शासन एवं प्रशासन द्वारा एक पर्यटक स्थल के हिसाब से यदि विकास कार्य करा दिया जाए तो राष्ट्र के अन्य पर्यटक स्थलों की तरह बहुती जल प्रपात भी मऊगंज जिले के साथ प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर जाना जावेगा।

## हनुमना में बंद पड़े हाईटेक सिलाई सेंटर को खुलवाने की मांग

### नवागत कलेक्टर से जागी आस, महिला सशक्तिकरण की राह में बाधा बना बंद सेंटर




**मऊगंज।** जिले के हनुमना में महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय के पास निर्मित हाईटेक सिलाई सेंटर, जो कि मध्य प्रदेश डे– राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्थापित किया गया था, लंबे समय से बंद पड़ा है। इस सेंटर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना था, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण वर्षों से सेंटर के दरवाजों पर ताले जड़े हुए हैं।मऊगंज को नवगठित जिला घोषित किये जाने के पश्चात संजय कुमार जैन को दूसरे कलेक्टर के रूप मे नियुक्त किया गया है, जिससे लोगों में यह उम्मीद जागी है कि स्थानीय प्रशासन की मदद से इस सेंटर को पुनः संचालित किया जाएगा। क्षेत्रीय महिलाओं ने मांग उठाई है कि सेंटर को जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल सकें।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कलेक्टर संजय कुमार जैन इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम होगा।